वर्ष: 14 - अंक : 127, मुंबई, शुक्रवार, 12 जुलाई, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर







# चौंकाने वाला खुलासा!

## युवा तेजी से छोड़ रहे भारत की नागरिकता, अब तक लाखों पासपोर्ट किए सरेंडर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**मुंबई।** विदेश जाना करोड़ों भारतीयों की ख्वाहिश होती है, लेकिन अब विदेश जाने वाले भारतीय ही अपनी पहचान यानी नागरिकता को छोड़ रहे हैं। पिछले कुछ सालों में इसका ट्रेंड तेजी से बढ़ा है। भारत छोड़ कर विदेश बसने वाले लोग खास कर उन राज्यों से हैं जहां विकास तेजी से हो रहा है। ऐसे भारतीयों में एक उदाहरण उत्पल पटेल का भी है। जिन्होंने अहमदाबाद छोड़ दिया, 7 समंदर पार किया और 2011 में एक छात्र के रूप में उत्तरी कनाडा में जीवन शुरू किया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### भारत छोड़ इन देशों में बस रहे भारतीय

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के डेटा, जो सूरत, नवसारी, वलसाड और नर्मदा सहित दक्षिण गुजरात क्षेत्र को छोड़कर गुजरात राज्य को संभालता है झ्र गुजरातियों द्वारा अपने भारतीय पासपोर्ट त्यागने में उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। 2023 में, 485 पासपोर्ट सरेंडर किए गए, जो 2022 में त्यागे गए 241 पासपोर्ट से दोगुना है। मई 2024 की शुरूआत तक, यह संख्या पहले ही 244 तक पहुँच चुकी थी। अधिकारियों ने उल्लेख किया कि सरेंडर किए गए अधिकांश पासपोर्ट 30–45 वर्ष की आयु के व्यक्तियों के थे।

## शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 46 लाख की ठगी

### व्हाट्सएप के जरिए करवाया निवेश



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने शेयर मार्केट में ट्रेडिंग साइबर धोखाधड़ी में 46.4 लाख रुपए गंवाने के बाद मुंबई साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और अपराधियों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। पुलिस के अनुसार, गोरेगांव में रहने वाला शिकायतकर्ता एक टेक कंपनी में मैनेजर के तौर पर काम करता है। 6 अप्रैल को उसने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट पर क्लिक किया और वह अपने आप ही एक व्हाट्सएप ग्रुप '5 पैसा J03 वैल्यू इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो' में जुड़ गया था। इस व्हाट्सएप ग्रुप में 171 से ज्यादा सदस्य थे और इस प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग स्टॉक के बारे में जानकारी शेयर की जा रही थी, जिससे लोगों को ट्रेडिंग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव



## सभी दलों को वोट बंटने का डर

### विधायकों का 5 स्टार होटल में मुक्काम

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** विधानपरिषद की 11 सीटों के लिए आज यानी शुक्रवार (12 जुलाई) को मतदान होना है। चुनाव में 11 सीटों के लिए 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। ऐसे में सभी पाटीर्यों को विधायकों के वोट बंटने का डर है। इससे बचने के लिए अधिकांश दलों ने अपने-अपने विधायकों को होटल में ठहराया है। कहा जा रहा है कि वरियता क्रम के अनुसार कैसे वोट किए जाए, इसके लिए गुरुवार दिनभर रणनीति बनाई गई। वहीं आज मतदान से पहले इसके लिए निर्देश दिए जाएंगे। कांग्रेस द्वारा आयोजित विधायकों की रात्रिभोज बैठक में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख जयंत पाटिल ने भाग लिया। (शेष पृष्ठ 3 पर)

## सातवें आसमान पर सब्जियों और फलों के दाम

### मार्केट में 300 रुपये किलो बिक रहा लहसुन

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** देश के अधिकांश राज्यों में हो रही लगातार बारिश का असर सब्जियों के दामों पर भी पड़ रहा है। बरसात और बदलते मौसम के कारण सब्जी व फलों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिसके चलते लोगों को रसोई चलाना मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार, सिरसा में प्याज के दाम 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गए हैं, जबकि लहसुन की कीमत 300 रुपये किलो से अधिक है। इसके अलावा हरी सब्जियों के दामों में भी इजाफा देखने को मिला है। दरअसल, मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश के कारण सब्जियों के दाम और भी बढ़ सकते हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)



सब्जी मंडी में आने वाले ग्राहकों का मानना है कि पहले के मुकाबले रोजाना अब सब्जियों और फलों के दामों में बढ़ोतरी हो रही है, जिस वजह से वह पहले के मुकाबले अब कम ही सब्जियां और फल खरीद पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर एक सब्जी और फल के लिए दोगुना रेट देना पड़ रहा है

## हमारी बात

### हताशा का ये आलम

**रूस में मारे गए नौजवानों में एक 23 वर्षीय हेमिल मनगुकिया थे। उनके पिता ने पुष्टि की है कि उनका परिवार रूस की नागरिकता लेने की तैयारी में है। क्यों? इस सवाल पर उन्होंने एक अखबार से कहा- भारत में क्या रखा है?**

खबर सुर्खियों में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मास्को यात्रा के दौरान उन भारतीय नौजवानों का मामला उठाया, जिन्हें रूस ले जाकर वहां यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में झोंक दिया गया। इस पर रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन ने उन नौजवानों को जल्द कार्य-मुक्ति देकर भारत लौटाने का आश्वासन दिया। लेकिन अब भारत में आई मीडिया रिपोर्टों से इस घटनाक्रम में एक नया पहलू जुड़ा है। खबर है कि रूस ने लड़ाई में मारे गए भारतीय नौजवानों को एक करोड़ 30 लाख रुपये का मुआवजा दिया है। साथ ही उनके परिजनों को रूस की नागरिकता देने की पेशकश भी की गई है। गुजरात के एक परिवार ने तो रूस की नागरिकता लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। रूस में मारे गए नौजवानों में एक 23 वर्षीय हेमिल मनगुकिया थे। उनके पिता अश्विनभाई मनगुकिया ने पुष्टि की है कि उनका परिवार रूस की नागरिकता लेने की तैयारी में है। क्यों? इस सवाल पर उन्होंने एक अखबार से कहा- भारत में क्या रखा है? उनकी इस हताशा भरी टिप्पणी ने युद्धग्रस्त इजराइल जाने के लिए हरियाणा के एक कैंप में जुटी भीड़ में शामिल एक नौजवान की याद ताजा कर दी। उसने एक अखबार से कहा था कि भारत में भूख से मरने से बेहतर इजराइल में कमाते हुए मरना है। और उन लोगों की यादें भी ताजा हुई हैं जो डंकी रूट (यानी अवैध तरीके) से अमेरिका पहुंचने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा रहे हैं। ये सभी लोग देश में फैलती अवसरहीनता के स्पष्ट उदाहरण हैं। मगर बात सिर्फ यहीं तक नहीं है। खुद सरकारी आंकड़ों के मुताबिक हर वर्ष हजारों करोड़पति भी भारतीय नागरिकता को अलविदा कह अपना ठिकाना कहीं और ढूंढ रहे हैं। क्या यह अनुमान लगाना गलत होगा कि ऐसे तमाम लोगों के मन में मनगुकिया जैसी ही सोच घर कर गई है कि ह्यभारत में क्या रखा है? दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस सामूहिक मनोदशा पर सत्ता के हलकों में कोई चिंता नहीं है। उलटे इस सूरत पर परदा डालने के लिए वहां से विकसित भारत और अमृत काल जैसे जुमले लगातार उछाले जा रहे हैं।

# अपने क्षेत्र में स्त्रियों की बेहतरीन मार्गदर्शक और साहित्यसेवी हैं पूजा गुप्ता

## स्त्रियों के लिए समृद्ध लाइब्रेरी के प्रयास

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**साहित्यकार** पूजा गुप्ता का बचपन से एक सपना रहा है कि उनकी खुद की अपनी एक लाइब्रेरी हो और वहाँ पाठकों के लिए निःशुल्क पुस्तकें उपलब्ध हो। मगर अभावों के कारण यह सब इतना सहज संभव कहाँ होता है। उन्होंने बताया कि बचपन से लेकर बड़े होने तक उनका जीवन अभावों से जूझता रहा। कभी-कभी तो ऐसा भी समय आया कि स्कूल जाते समय जूते तक नहीं थे इसलिए फटेहाल ही जैसे तैसे काम चलाया। बहुत बार फीस के लिए पैसे नहीं होते थे। ऐसे में इनकी माँ ने इनकी पढाई--लिखाई के लिए संघर्ष करके इन्हें पढ़ाया तो कभी पूजा गुप्ता ने सखियों की पुरानी पुस्तकों पर जिल्द चढ़ा-चढ़ाकर उससे मिलने वाले मेहनताने से अपनी पढाई का खर्च निकाला। इस तरह इन्होंने मुश्किल दिनों को पार करते हुए जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखे और अपने सपने पूरे करने की ठानी।

मैंने इनकी लाइब्रेरी को लेकर इनकी कुछ साहित्यिक गतिविधियाँ फेसबुक पर देखी तो इनके बारे में जानने की इच्छा हुई। वर्तमान में पूजा गुप्ता साहित्य और विचार के क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत हैं। पूजा गुप्ता किताबें पढ़ने-पढ़वाने की बेहद शौकीन हैं। अपना रूटीन गृहकार्य निपटाकर ज्यादा से ज्यादा समय अपने घर में बनी लाईब्रेरी मे महिलाओं के साथ बिताती हैं। जिन्हें पढ़ने-लिखने का शौक है उनको साहित्य उपलब्ध करवाने में उनका सहयोग और मार्गदर्शन



करती हैं। इनका मुख्य उद्देश्य है कि ये अपनी लाईब्रेरी में निःशुल्क पठन-पाठन के लिए महिलाओ और बच्चों को पुस्तके पढ़वाएँ ताकि उनका मानसिक विकास सम्भव हो सके और विशेषकर स्त्रियाँ जाग्रत हों। उल्लेखनीय है कि ये बच्चों को निशुल्क पुस्तकें भी उपलब्ध करवाती हैं। इन्होंने बताया कि इसके लिए वे लोग जो पुस्तकें निःशुल्क देना चाहते हैं, उनसे पुस्तकें लेकर अपनी लाइब्रेरी में एकत्र करती हैं। इस तरह की कई संस्थाओ से ये ऑनलाइन भी जुड़ी हैं। पूजा जी ने बताया कि बहुत से पुस्तक प्रेमी,मित्र, प्रकाशक और संस्थाएँ इन्हें निःशुल्क पुस्तकें डाक द्वारा भेजते रहते हैं जिससे इनकी लाइब्रेरी निरंतर समृद्ध हो रही है। इनकी यह भी कोशिश है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को भी पुस्तकें उपलब्ध कराएँ। निःस्वार्थ भाव से किया जा रहा इनका यह प्रयास बेहद सराहनीय और प्रशंसनीय है। जैसा कि पूजा जी ने बताया वे मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश) से हैं और यही इनकी कर्मभूमि है। इनका जन्म जबलपुर (मध्य प्रदेश) में हुआ और वहीं पर इनकी प्रारम्भिक शिक्षा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से हुई थी। ये जीवन की कई कठिनाइयों को पार करते हुए साहित्य के क्षेत्र में कदम रख कर तेजी से अपना स्थान बना रही हैं। साहित्य लेखन-पठन के साथ-साथ ये सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए आलेख भी लिखती हैं। आज ये साहित्य और सामाज विषयक लेखन के साथ-साथ स्वतंत्र पत्रकारिता में भी बराबर अपनी कलम चला रही हैं। देश की कई पत्र-पत्रिकाओं में इनकी रचनाएँ प्रकाशित होती रहती हैं। इन्होंने बताया कि इनका काव्य संग्रह और गद्य संकलन भी प्रकाशित हो चुके हैं।

**- सुभाष सिंगाठिया**
**श्रीगंगानगर (राजस्थान)**

# इमाम अहमद रजा खाँ फाजिले बरेलवी का तीन रोजा उर्स ए रजवी की तारीख का एलान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**बरेली।** आला हजरत इमाम अहमद रजा खान फाज़िले बरेलवी का विश्व विख्यात 106 वा उर्स-ए-रजवी इस साल 29, 30 व 31 अगस्त को मनाया जायेगा। इसका विधिवत ऐलान आज दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान(सुब्हानी मियां) व सज्जादानशीन बदरूशशरिया मुफ्ती अहसन रजा कादरी(अहसन मियां) ने अपने आवास पर संयुक्त रूप से सय्यद आसिफ मियां व उलेमा मुफ्ती आकिल रजवी,मुफ्ती सलीम नूरी बरेलवी,मुफ्ती अय्यूब नूरी,मुफ्ती सय्यद कफील हाशमी आदि की मौजूदगी में किया। उर्स-ए-रजवी बरेली समेत दुनिया भर में 23,24,25 सफर को मनाया जाता है। इस साल ये तिथियां अंग्रेजी माह के अनुसार 29,30,31 अगस्त



पड़ रही है। दरगाह के मीडिया प्रभारी नासिर कुरैशी ने बताया कि उर्स-ए-रजवी में शिरकत के लिए दुनिया भर से अकीदतमंद बरेली पहुंचते है। देश विदेश के अकीदतमंद वीजा व टिकट के लिए महीनों पहले तैयारियां शुरू कर देते है। सभी को फोन व सोशल मीडिया के माध्यम से तिथियों की सूचना दी जा रही है। कई देशों के अलावा देश भर के मुरीदीन दरगाह प्रमुख हजरत सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां के सम्पर्क में है। दरगाह की ओर से जायरीन की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए उर्स-ए-रजवी काफी पहले से दरगाह प्रमुख की ओर से तैयारियां शुरू की जा चुकी है। गौरतलब है कि इस उर्स में शिरकत करने लाखों की संख्या में अकीदतमंद बरेली पहुंचते है। इस साल भी बड़ी संख्या में अकीदतमंदों के बरेली पहुंचने की सूचना दरगाह प्रमुख हजरत मौलाना सुब्हानी मियां व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां को मिल रही है। उर्स की कमान दरगाह के संगठन तहरीक-ए-तहफ्फुज सुन्नियत (टीटीएस) के वैलिंट्यर संभालते है।

## कानपुर के ऐतिहासिक शिवाला के शिव मंदिर में गिरी बिजली, शिखर क्षतिग्रस्त

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**कानपुर।** तड़के हुई बारिश के बाद शहर के प्राचीन मंदिरों में शुमार शिवाला स्थित कैलाश मंदिर पर आकाशीय बिजली गिरने से उसका शिखर क्षतिग्रस्त हो गया। आज सुबह लगभग 6:10 पर हुई इस घटना में आसपास के घरों के पंखे और टीवी भी खराब हो गए। घटना से आसपास दहशत का भी माहौल हो रहा। इस दौरान मंगला आरती के लिए मौजूद भक्त भी रोने लगे। मौके पर मौजूद पुजारी ने बताया कि सुबह 5 बजे मंगला आरती होती है। आरती के बाद सुबह भक्त आना शुरू हो जाते हैं। करीब सुबह 6.10 बजे बिजली गिरी। बिजली गिरने के बाद मंदिर के अंदर रखी लोहे की अलमारियों में भी करंट आ गया। हालांकि किसी भी भक्त को कोई नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के मुताबिक यहां किसी प्राचीन प्रतिष्ठित मंदिर में आकाशीय बिजली गिरने के लिए पहली घटना है। जिसे शुभ नहीं माना जा रहा है। वहीं मंदिर प्रशासन मंदिर के छतिग्रस्त हिस्से को ठीक करने के प्रयास में जुड़ गया है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

दैनिक
मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# गौरीशंकर चौबे ने की शताब्दी हॉस्पिटल में आईसीयू बेड बढ़ाने की मांग

★ दिंडोशी विधानसभा के नागरिकों की मांग पर द्वारकामाई चैरिटी संस्था ने की पहल

★ मुंबई उपनगर की लगभग 15 लाख जनसंख्या के अनुपात में नगण्य है आईसीयू बेड की संख्या

**मुंबई हलचल/संवाददाता**


**मुंबई।** दिंडोशी विधानसभा के नागरिकों की मांग और उपनगर की जरूरतों के आधार पर द्वारकामाई चैरिटी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरीशंकर चौबे ने शासन-प्रशासन को लिखित पत्र देकर कांदिवली पश्चिम स्थित डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर (शताब्दी) हॉस्पिटल में आईसीयू बेड की संख्या 500 से 1000 तक बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने पत्र में कहा है कि केवल मुम्बई उपनगर की जनसंख्या लगभग 15 लाख के करीब पहुंच गई है और जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस जनसंख्या के अनुपात में आईसीयू बेड की संख्या नगण्य है। बता दे कि मुंबई उपनगर के गरीब मरीजों के लिए शताब्दी हॉस्पिटल ही एकमात्र विकल्प है। गौर करनेवाली बात यह है कि पालघर जिला के वसई-विरार और मीरा-भायंदर के निवासी भी सबसे पहले इसी अस्पताल में अपना इलाज करवाने आते है लेकिन आईसीयू बेड की उपलब्धता के अभाव में उन्हें कूपर, नायर, केम जैसे बड़े हॉस्पिटलों में भेज दिया जाता है। श्री चौबे ने पत्रकारों को बताया कि वह जल्द ही स्वास्थ्य मंत्री और सम्बन्धित विभाग अधिकारियों से भेंट कर इस विषय पर उनका ध्यान आकृष्ट करेंगे।




# श्री सरस्वती म्यूजिक कंपनी की तरफ से पुराने गानों का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से हुआ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** श्री सरस्वती म्यूजिक कंपनी की तरफ से पुराने गानों का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से हुआ। बोरीवली स्थित बोनजा स्टूडियो गोराई1 में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बहुत सारे सिंगर ने पार्टिसिपेट किया। कार्यक्रम शाम 5:00 बजे से लेकर 10:00 रात तक चला, कार्यक्रम के हेड दिलीप सुराणा और दीपक सिंगर किशन यादव कार्यक्रम सपोर्टर कार्यक्रम शुरू से लास्ट तक बहुत अच्छी तरीके से चला कार्यक्रम में बहुत दूर दराज से लोग आए कार्यक्रम के जरिए अपने-अपने आवाज को दर्शकों के बीच में दिखाए और लोगों ने काफी पसंद किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फिल्म सेलिब्रिटी योग गुरु राधेश्याम जयसवार जूनियर जॉनी लीवर कॉमेडियन एक्टर, ऑर्गेनाइजर श्रीमती उर्मिला, धनंजय कुलकर्णी, क्रिएशन फाउंडेशन की फाउंडर श्रीमती मनीषा टेमकर शैलेश जयसवाल स्पीकर आर जे गायक, दीपक प्लेबैक सिंगर के नेतृत्व में यह कार्यक्रम का बहुत अच्छी तरीके से मनोरंजन लोगों तक पहुंचाया गया कार्यक्रम बहुत अच्छा चल योग गुरु राधेश्याम ने सभी सिंगर सभी मेहमानों को बधाई दिया और कहा कि ऐसे कार्यक्रम में मैं आना चाहता हूं और दिलीप सुराणा जी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद कहा कि ऐसे कार्यक्रम उन्होंने ऑर्गेनाइज किया, योग गुरु राधेश्याम फिल्म इंडस्ट्री से लेकर पॉलीटिशियन डॉक्टर और नेहरू युवा केंद्र एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहते हैं ऐसे पॉपुलर व्यक्ति जो द ह्यूमन योग फाउंडेशन वर्ली मुंबई के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं कार्यक्रम में आकर दर्शकों का हौसला बढ़ाया योग गुरु राधेश्याम ने सभी का आभार प्रकट किया।



# तेज रफ्तार कार में रील बनाते स्टंट कर रहे थे 5 दोस्त, तभी आ गई मौत

**मुंबई।** स्टंटबाजी और रील बनाने के चक्कर में न जाने कितने ही लोग अपनी जान गंवा देते हैं। हम ऐसी वारदातों के बारे में सुनते जरूर हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं तो फिर भी बाज नहीं आते। वो रील बनाने के लिए फिर भी स्टंटबाजी जैसी चीजें करते ही हैं। ताजा मामला महाराष्ट्र के नागपुर से सामने आया है। यहां स्टंटबाजी का रील बनाते-बनाते कार सवार युवकों का एक्सीडेंट हो गया। दो की युवकों की तो हादसे में मौत हो गई। 3 युवक घायल हुए हैं। उनका इलाज जारी है। युवक जब रील बना रहे थे तो हादसे का वीडियो उनके मोबाइल में कैद हो गया। वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। घटना अल सुबह ढाई बजे की है। पुलिस ने बताया कि कार पांच दोस्तों में से एक के पिता की थी। एक दोस्त का बर्थडे था। इसलिए पांचों ने पार्टी का प्लान बनाया। कार से निकलकर वे एक जगह पहुंचे। यहां उन्होंने शराब पार्टी की। फिर प्लान बना बिरयानी खाने का। पांचों दोस्त कार में बैठकर रेस्टोरेंट की तरफ जाने लगे। कार में तेज म्यूजिक बज रहा था। पांचों दोस्त नशे की हालत में थे। इस दौरान कार चलाने वाला युवक स्टंटबाजी करने लगा। कभी कार के राइट मोड़ता तो कभी लेफ्ट। उसकी ड्राइविंग का विरोध करने के बजाय अन्य दोस्त हूटिंग कर रहे थे। एक ने तो इसका रील भी बनाना शुरू कर दिया। तभी नागपुर रोड के पास एक जगह गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया। तेज रफ्तार कार बैरिगेट से जा टकराई।



मुंबई पुलिस कांस्टेबल सईद सलीम पिंजारी ने मुंबई में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत परेड के दौरान बेहोश एक महिला को हजारों लोगों की भीड़ से अपने कंधे पर उठाया और एम्बुलेंस से अस्पताल पहुँचाया। एक सलामी तो बनती है !

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### चौंकाने वाला खुलासा!

2022 में तेजी से आगे बढ़ते हुए, पटेल ने कनाडाई नागरिकता हासिल की और 2023 तक अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर कर दिया। उनकी यात्रा गुजरातियों के बीच बढ़ती प्रवृत्ति को दर्शाती है, जिसमें जनवरी 2021 से 1,187 लोग अपनी भारतीय नागरिकता त्याग चुके हैं। पटेल का निर्णय एक बड़ी प्रवास लहर का हिस्सा है। संसदीय डेटा इस प्रवृत्ति का समर्थन करता है, जिसमें दिखाया गया है कि 2014 और 2022 के बीच गुजरात के 22,300 लोगों ने अपनी नागरिकता त्याग दी। यह गुजरात को देश में तीसरे स्थान पर रखता है, दिल्ली में 60,414 त्याग और पंजाब में 28,117 त्याग के साथ दूसरे स्थान पर है। कोविड के बाद पासपोर्ट सरेंडर में वृद्धि उल्लेखनीय है। अहमदाबाद में क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी अभिजीत शुक्ला ने बताया कि महामारी प्रतिबंधों के दो साल बाद दूतावासों को फिर से खोलना और नागरिकता प्रक्रियाओं को फिर से शुरू करना इस वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि कई युवा पढ़ाई के लिए विदेश जाते हैं और अंततः वहीं बस जाते हैं। ऐसे छात्रों की बढ़ती संख्या पासपोर्ट सरेंडर करने की संख्या में वृद्धि में योगदान करती है।

### सातवें आसमान पर सब्जियों और फलों के दाम

सब्जी दुकानदारों का कहना है कि दाम बढ़ जाने के कारण खरीददारी में कमी आई है। अगर बारिश ऐसे ही होती रही तो तो अगले कुछ और दिनों तक सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी हो सकती है। सब्जी मंडी में इस समय प्याज 60 से 70 रुपये किलो, टमाटर 70 रुपये किलो, आलू 40 रुपये किलो, लहसुन 300 रुपये किलो, खीरा 60 रुपये किलो, अरबी 80 रुपये किलो, नींबू 150 रुपये किलो तक बिक रहा है। बारिश की वजह से सब्जियों के दामों में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है। सब्जियों और फल के दामों में आए उछाल के कारण आम जनता को अपनी जेब काफी ढीली करनी पड़ रही है। महंगी सब्जियां होने की वजह से आम लोग आर्थिक नुकसान भी झेल रहे हैं। नौबत यहां तक आ चुकी है कि सब्जियों और फल के दाम दोगुना हो गए हैं।

### सभी दलों को वोट बंटने का डर

इस बैठक का आयोजन शुक्रवार को विधान परिषद की 11 सीट के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनावों के मद्देनजर विपक्ष की रणनीति पर चर्चा की खातिर किया गया था। महाराष्ट्र के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) प्रभारी रमेश चेन्निथला भी मुंबई के उस होटल में मौजूद थे जहां उनकी पार्टी के नेता विजय वडेट्टीवार ने चुनाव की पूर्व संध्या पर बैठक और रात्रिभोज का आयोजन किया था। कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) विपक्षी महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक हैं। जानकारी के लिए बता दें कि विधायकों को फूटने के डर से अधिकांश दलों ने अपने-अपने विधायकों को होटल में ठहराया है।

### शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर 46 लाख की ठगी

9 मई को व्हाट्सएप ग्रुप के एडमिन में से एक ने व्यक्तिगत व्हाट्सएप चैट पर शिकायतकर्ता को अपने मोबाइल एप्लिकेशन फाइव पैसा सेस के माध्यम से अच्छा लाभ कमाने के लिए प्रोत्साहित किया। शिकायतकर्ता ने उनके निर्देशों का पालन किया, उनके ऐप पर साइन अप किया और एक खाता खोला। इसके बाद, एडमिन और उसके सहयोगी शिकायतकर्ता को ट्रेडिंग में मार्गदर्शन करते थे। वे उसे ट्रेडिंग और पैसे कमाने के लिए अपने सिस्टम में पैसे जमा करने के लिए कहते थे। जुलाई में शिकायतकर्ता ने उनके निर्देशों का पालन करते हुए ट्रेडिंग की और उनके वर्चुअल वॉलेट में कुल 1.62 करोड़ रुपए जमा हो गए।

### वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण, नीति आयोग के अध्यक्ष सुमन बेरी समेत विशेषज्ञ हुई उच्चस्तरीय बैठक में शामिल

# गरीब, किसान, नौजवानों के सपनों के बजट पर पीएम मोदी ने लिए अर्थशास्त्रियों के सुझाव

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय बजट को आखिरी स्वरूप देने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के साथ नीति आयोग और देश के जानेमाने अर्थशास्त्रियों के साथ तकरीबन चार घंटे की मैराथन बैठक हुई।

बैठक में प्रधानमंत्री के सौ दिनों के एजेंडे पर विमर्श की शुरूआत हुई। लोकसभा चुनाव से पूर्व ही प्रधानमंत्री ने विभिन्न मंत्रालयों के नौकरशाहों से मिलकर नई सरकार के गठन के बाद सौ दिनों में विकास, गरीब कल्याण के क्या क्या काम करने हैं उस पर एक एजेंडा पेपर बना था। सूत्रों ने बताया कि उस पर आने वाले कुल खर्च को बजट का हिस्सा बनाये जाने पर जहां चर्चा हुई वहीं, इंफ्रास्ट्रक्चर में कैसे ज्यादा से ज्यादा निवेश बढ़ाया जाए ताकि अधिकतम रोजगार पैदा हो और देश को विकास की पटरी पर दौडाया जा सके इस पर भी विस्तार से बातचीत हुई। आगामी 23 जुलाई को संसद में पेश होने वाले बजट में बजट की रूपरेखा कुछ हटकर हो इस कोशिश का प्रतिबिंब दिखे, सूत्रों ने बताया कि इस पर प्रधानमंत्री का खासा जोर रहा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी समेत अन्य सदस्यों ने भी अर्थशास्त्रियों के साथ इस उच्चस्तरीय बैठक में शिरकत किया। गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं को ध्यान में रखकर बजट को कैसे बैलेंस रखा जाए, चर्चा इस पर भी हुई।



### 22 जुलाई से शुरू हो रहा है संसद का बजट सत्र

22 जुलाई से संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट 2024-25 को लोकसभा में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इस बजट को लेकर कहा था कि भविष्य को ध्यान में रहते हुए सरकार इस बार दूरगामी नीतियों के साथ बजट पेश करेगी। इसमें प्रमुख आर्थिक और सामाजिक सरोकारों के साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले फरवरी में एक अंतरिम बजट पेश किया गया था।

### विकसित भारत के रोड मैप पर लिए सुझाव

केंद्र सरकार ने 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है। सरकार की इच्छा है कि आम बजट के जरिए विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने की है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत होगी। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के रोडमैप पर भी विशेषज्ञों से सुझाव लिए। केंद्र सरकार का ध्यान गरीब, मध्य और निम्न मध्यवर्ग पर सबसे ज्यादा है। सरकार की तरफ गरीब वर्ग के सशक्तिकरण के लिए नई योजना शुरू करने की भी योजना है।

## खबर संक्षेप

### पूर्व आईएएस मनीष बने जदयू के राष्ट्रीय महासचिव



**पटना।** आरसीपी सिंह के जाने के बाद अगले नौकरशाह में रूप में पूर्व आईएएस मनीष वर्मा को जनता दल यूनाईटेड में एंट्री के 48 घंटे के अंदर बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। पिछले महीने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए राज्यसभा सांसद संजय झा नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाते सीएम नीतीश कुमार के आदेश पर वर्मा को जदयू का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है।

### 8 साल की बच्ची से दुष्कर्म, फिर हत्या



**अमरावती।** आंध्र प्रदेश से एक रूह कांपने वाली खबर सामने आ रही है। यहां के नांदयाला जिले में एक 8 साल की स्कूली छात्रा का पहले सामूहिक दुष्कर्म किया फिर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपियों ने उसके शव को सिंचाई नहर में फेंक दिया। बच्ची से उसके स्कूल के 12 और 13 साल के तीन सीनियर्स ने कथित तौर पर सामूहिक दुराचार किया।

### मासूम भाई-बहन की गड्ढे में डूबकर मौत

**वाड्रफनगर।** बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर विकासखंड अंतर्गत ग्राम केसारी में पानी से भरे गड्ढे में डूबकर 2 मासूम भाई-बहनों की मौत हो गई। दोनों की उम्र 6 साल व 5 साल है। दोनों अपनी नानी के घर मां के साथ घूमने आए थे।

### बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश ने चंडीगढ़ में किया ऐलान

# हरियाणा में इनेलो-बसपा का गठबंधन भाजपा संग केसीआर के आने की चर्चा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए इनेलो और बसपा ने गठबंधन कर लिया है। चंडीगढ़ में गठजोड़ का ऐलान करते हुए बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश ने कहा कि विधानसभा चुनाव में 37 सीट पर बसपा चुनाव लड़ेगी और 53 सीट पर इनेलो चुनाव लड़ेगी। बसपा-इनेलो गठबंधन का मुख्यमंत्री चेहरा अभय चौटाला होंगे।

**पहले भी किया था गठबंधन**

1996 के लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों के बीच पहली बार गठबंधन हुआ था। इनेलो ने 7 लोकसभा सीटों पर और बसपा ने 3लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था।

इसके बाद 2018 में बसपा-इनेलो के बीच राजनीतिक गठजोड़ हुआ, लेकिन यह गठबंधन विधानसभा चुनाव तक लोगों के बीच नहीं पहुंच पाया। अब तीसरी बार इनेलो ने खोया राजनीतिक वजूद बचाने बसपा के गठबंधन की पहल की है। पिछले सप्ताह ही अभय और बसपा सुप्रीमो मायावती संग नई दिल्ली में मुलाकात की थी। कई मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

### *37 विधानसभा सीट बसपा और 53 इनेलो के हिस्से, अभय होंगे सीएम चेहरा*



### साझा घोषणा पत्र की भी दी जानकारी

अभय ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर हमारा एक साझा घोषणा पत्र है। एससी9एसटी की नौकरियां भरी जाएंगी। एससी-एसटी को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट दिए जाएंगे। एससी-एसटी बच्चों को मुफ्त कोचिंग दी जाएगी। एससी और बीसी को मुफ्त कॉलेज शिक्षा दी जाएगी। चाहे वे सरकारी या प्राइवेट किसी कॉलेज में पढ़े। जनरल कैटेगरी के बच्चों से जो बांड भरवाए जा रहे हैं हम उसे खत्म करेंगे। चौटाला ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अपराधों पर रोक लगाएंगे। हमारी पूर्व की सरकार में कानून व्यवस्था अच्छी थी जो अब खत्म हो चुकी है। हम सत्ता में आए तो अग्निवीर को खत्म करेंगे।

### 7500 करेंगे बुढ़ापा पेंशन

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदमाशों का दबदबा है। मुख्यमंत्री इसे रोकने का बयान देते हैं लेकिन इन लोगों को सरकार संरक्षण दे रही है। चौधरी देवीलाल ने बुढ़ापा पेंशन शुरू की थी। जो आज 3000 है, हम इसे 7500 करेंगे। हम हर घर से एक पढ़े लिखे युवा को सरकारी नौकरी देंगे। 21 हजार बेरोजगारी भत्ता देंगे। पीने का पानी मुफ्त देंगे। हर घर में हर महीने गैस का एक सिलेंडर मुफ्त देंगे। उन्होंने कहा कि चौधरी ओमप्रकाश और मायावती ने आज तक लोगों से जो जो वादे किए, उन्हें पूरा करके दिखाया। किस सीट पर कौन चुनाव लड़ेगा। यह बाद में तय किया जाएगा।

### पार्टी कर चुकी मेल-मुलाकात

### अपनी पार्टी को मजबूती देने के लिए केसीआर जा सकते हैं भाजपा के साथ




**हैदराबाद।** तेलंगाना के लोकसभा चुनाव ने इस बार के चंद्रशेखर की बीआरएस का सूपड़ा साफ कर दिया। इसप्रदर्शन के बाद सवाल उठने लगे हैं कि क्या तेलंगाना में बीआरएस की सियासी जमीन अब कमजोर पड़ चुकी है। जैसी खबरें आ रही हैं, उन्होंने जरूर साबित कर दिया है कि चंद्रशेखर की पार्टी फिर खड़ी होने के लिए किसी के साथ भी गठबंधन कर सकती है। इसी कड़ी में राजनीतिक गलियारों में ऐसी चर्चा चल रही है कि बीआरएस, भाजपा के साथ गठबंधन कर सकती है। इसका कोई औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन दोनों पार्टी का एक धड़ा ऐसी अटकलों को बल देने का काम कर रहा है। बड़ी बात यह है कि कुछ दिन पहले चंद्रशेखर के बेटे और नेता केटी रामा राव दिल्ली आए थे, माना जा रहा है कि उन्होंने बड़े भाजपा नेताओं से मुलाकात की है।

### मुलाकातों से अटकलों को मिला बल

इन मुलाकातों ने भी गठबंधन की चर्चा को मजबूत कर दिया है। वैसे अभी भाजपा के नेता ऐसे किसी भी गठबंधन को लेकर ज्यादा सकारात्मक रुख नहीं दिखा रहे हैं। कुछ भाजपा नेता का कहना है कि पार्टी के अंदर वो नेता ही ऐसे किसी गठबंधन के पक्ष में बात कर रहे हैं जिन्हें बीआरएस के पहले परिवार को बचाना है। लेकिन पार्टी के अंदर ही कई नेता मानते हैं कि ऐसा कोई भी गठबंधन भाजपा के लिए ही आत्मघाती साबित हो सकता है।

### संसदीय स्थायी समितियों के गठन के लिए भी प्रक्रिया शुरू

# पहली बार पब्लिक एकाउंट्स कमेटी के चेयरमैन होंगे राहुल



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

संसद के आगामी बजट सत्र से पहले सभी दो दर्जन संसदीय स्थायी समितियों की नियुक्ति हो जानी है। लोकसभा के 16 और राज्यसभा के 8 संसदीय स्थायी समितियों के लिए अनुशंसा कांग्रेस पार्टी समेत सभी विपक्षी दलों के संसदीय दल के नेताओं से मांगी गई है। इस बार उम्मीद है कि 13 संसदीय स्थायी समितियों के चेयरमैन भाजपा और राजग गठबंधन के सांसद करेंगे जब कि शेष 11 स्थायी समितियों की अध्यक्षता की जिम्मेदारी विपक्षी दलों के नेताओं को मिल सकती है। विभिन्न मंत्रालय के कामकाज का लेखाजोखा रखने वाली, समय समय पर मंत्रालयों की विभिन्न योजनओं पर विस्तार से विमर्श संबंधित मंत्रालय के स्थायी समितियों में ही होता है। अगर संबंधित मंत्रालय का कोई विधेयक संसद में पास होने से अटक जाता है तो उसे स्थायी समिति के पास ही आपसी विमर्श के आधार पर ठीक करने भेजा जाता है। यही वजह है कि संसदीय स्थायी समितियों की अध्यक्षता जहां बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है वहीं सदस्यता भी उतनी ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। संसदीय स्थायी समितियों के अध्यक्ष किसी भी दल के वरिष्ठ सांसद होते हैं। जब कि संसद की दूसरी समिति संसदीय सलाहकार समिति की अध्यक्षता संबंधित मंत्रालय के मंत्री ही करते हैं। बतौर विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहली बार बेहद महत्पूर्ण माने जाने वाली पब्लिक एकाउंट्स कमेटी के चेयरमैन होंगे। कमेटी संसद के 'ऑडिट वॉच डॉग' की जिम्मेदारी निभाता है। विभिन्न दलों से भले ही संसदीय सचिवालय की ओर से स्थायी समितियों के लिए अनुशंसा मांगी गई है, लेकिन अंतिम मुहर राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ और लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला ही लगाएंगे। विपक्षी दल चूंकि इस बार अच्छी संख्या में लोकसभा में पहुंचे हैं इसीलिए कांग्रेस, सपा और तृण्मूल कांग्रेस के सांसदों को स्थायी समितियों में अच्छा प्रतिनिधित्व मिलने की संभावना है।



### नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित किए गए बिम्सटेक के विदेश मंत्रियों के दूसरे सम्मेलन को संबोधित करते हुए बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के बीच नई ऊर्जा-नए संसाधनों संग सहयोग के लिए प्रतिबद्ध बिम्सटेकः जयशंकर



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित किए गए बिम्सटेक (द बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टी सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन) समूह के दूसरे सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों के बीच नई ऊर्जा और नए संसाधनों के साथ सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं। समूह के विदेश मंत्रियों का संदेश इस मामले पर स्पष्ट होना चाहिए। भारत के लिए बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) उसकी पड़ोसी पहले, पूर्व की ओर देखो नीति और सागर परियोजना के दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।

इस दिशा में किए जा रहे सभी प्रयासों में बंगाल की खाड़ी क्षेत्र पर ध्यान दिया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय विदेश मंत्री ने सम्मेलन में यह भी कहा कि समूह के विदेश मंत्रियों का संदेश इस मायने में भी स्पष्ट होना चाहिए कि वे सभी बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के बीच नई ऊर्जा और संसाधनों के साथ सहयोग के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### क्षमता निर्माण पर आकांक्षाएं रखे बिम्सटेक

जयशंकर ने कहा कि क्षमता निर्माण और आर्थिक सहयोग दीर्घकालिक लक्ष्य हैं। इनका महत्व समय के साथ और बढ़ गया है। ऐसे में बिम्सटेक जैसे संगठन को बड़ी आकांक्षाएं रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के पहले भाग में कनेक्टिविटी, व्यापार और व्यवसाय, स्वास्थ्य और अंतरिक्ष, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और क्षमता निर्माण के क्षेत्र में परस्पर सहयोग पर चर्चा होगी। बिम्सटेक समूह में भारत के अलावा श्रीलंका, म्यांमार, बांग्लादेश, नेपाल, थाईलैंड और भूटान जैसे देश शामिल हैं। हमारे लिए बेहतर के लिए बदलाव करना एक चुनौती है। इसे तेजी से करना होगा। भारत के सार्क के तहत क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक अच्छा मंच बनाने की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। सागर फ्रेमवर्क के जरिए भारत हिंद महासागर क्षेत्र में देशों के साथ सहयोग कर रहा है। बिम्सटेक सम्मेलन का उद्देश्य समूह देशों के बीच विचारों का खुले तौर पर दृढ़ता से आदान-प्रदान करना है।

### म्यांमार से भारतीयों की वापसी का मुद्दा उठाया

बिम्सटेक सम्मेलन से इतर विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने समूह देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश और म्यांमार के विदेश मंत्री शामिल हैं। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर इन बैठकों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने म्यांमार को लेकर कहा कि म्यांमार के उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री यू थान स्वे से मुलाकात की। सीमा पर स्थिरता और विस्थापित व्यक्तियों के प्रवाह के बारे में अपनी चिंताओं को साझा किया। इसके अलावा अवैध मादक पदार्थों और हथियारों के व्यापार, विद्रोही समूहों की गतिविधियों के मुद्दों पर भी बात की। साइबर घोटाला गिरोहों द्वारा अवैध रूप में हिरासत में लिए गए भारतीयों की शीघ्र वापसी के लिए जोरदार अंदाज में दबाव डाला। विदेश मंत्री ने बैठक में ये भी दोहराया कि भारत म्यांमार में लोकतंत्र की वापसी का समर्थन करता है और इस संबंध में सभी हितधारकों के साथ सहयोग करता है। बांग्लादेश के विदेश मंत्री डॉ.हसन महमूद के साथ बैठक पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि ये बैठक लगातार उच्च स्तरीय आदान-प्रदान मैत्री की ताकत को और आगे बढ़ाने के तरीकों पर विचार किया गया। उन्होंने थाईलैंड और म्यांमार के विदेश मंत्रियों के साथ त्रिपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि ये चर्चा कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर केंद्रित थी। जो बिम्सटेक के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सीमा स्थिरता और मानवीय सहायता पर भी विचार साझा किए गए। साइबर, नशीले पदार्थों व अवैध हथियारों सहित अंतरराष्ट्रीय अपराधों का मुकाबला करना तीनों देशों की साझा प्राथमिकता है। नेपाल की विदेश सचिव के साथ विदेश मंत्री ने बैठक की। इसमें सहयोग की स्थिर वृद्धि पर चर्चा की गई। श्रीलंका के विदेश मंत्री के साथ द्विपक्षीय साझेदारी पर बातचीत की गई।



## रूस-ऑस्ट्रिया दोनों देशों के साथ भारत की दोस्ती बढ़ीः पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दो दिवसीय रूस-ऑस्ट्रिया यात्रा के बाद भारत वापस आ चुके हैं। पीएम मोदी का यह दौरा कई मायने में खास रहा। उन्होंने अपने इस यात्रा के दौरान रूस और ऑस्ट्रिया में रह रहे भारतयी प्रवासियों को संबोधित किया। अपने संबोधन के माध्यम से पीएम मोदी ने एक बार फिर संदेश दिया कि भारत ने दुनिया को 'युद्ध' नहीं 'बुद्ध' दिया है। पीएम मोदी ऑस्ट्रिया की यात्रा करने वाले तीसरे भारतीय प्रधानमंत्री बन गए। उन्होंने अपनी वापसी की जानकारी खुद सोशल मीडिया के माध्यम से दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि यह भारत के लिए ऐतिहासिक यात्रा रही। रूस-ऑस्ट्रिया दोनों देशों के साथ भारत की दोस्ती बढ़ी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रिया यात्रा ऐतिहासिक और अत्यधिक उपयोगी रही। भारत का दोनों देशों के बीच मित्रता में नया जोश जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मुझे वियना में विविध कार्यक्रमों में भाग लेने पर काफी खुशी है। साथ ही उन्होंने ऑस्ट्रियाई सरकार और लोगों को उनके आतिथ्य और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया। पीएम मोदी ने ऑस्ट्रिया में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हजारों साल पहले से हम अपना ज्ञान और विशेषज्ञता साझा करते रहे हैं।

### 12 जुलाई से लेकर 2 अगस्त तक किया जाएगा आयोजन

# पिच ब्लैक युद्धाभ्यास में भाग लेने के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंचा वायुसेना दल

मुंबई हलचल / नई दिल्ली



हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती चीन की आक्रामकता के बीच ऑस्ट्रेलिया में शुक्रवार से बहुराष्ट्रीय 'पिच ब्लैक-2024' युद्धाभ्यास की शुरुआत होगी। इसमें भाग लेने के लिए भारतीय वायुसेना का एक दल गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के डार्विन वायुसैन्य अड्डे पर पहुंचा। वायुसेना ने एक बयान जारी कर बताया कि इस वर्ष यह द्विवार्षिक युद्धाभ्यास 12 जुलाई से लेकर 2 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा। इसकी मेजबानी रॉयल ऑस्ट्रेलियाई वायुसेना करेगी। पिच ब्लैक युद्धाभ्यास में दुनिया के 20 देशों की वायुसेनाओं के 140 विमान और 4 हजार 400 सैन्यकर्मी भाग लेंगे। पिच ब्लैक को रात के समय में आबादी विहीन इलाकों में उड़ान के रूप में परिभाषित किया जाता है।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ेगी क्षमता

पिच ब्लैक युद्धाभ्यास वायुसेना को एक ऐसा अवसर प्रदान करता है। जिसकी मदद से विभिन्न भागीदार देशों की वायुसेनाओं के बीच एकीकरण और एक-दूसरे की अच्छी आदतों का आदान प्रदान करने का अवसर मिलता है। लंबी दूरी के इस तरह के क्रियाकलापों में भाग लेने से उसकी रणनीतिक क्षमता मजबूत होती है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एकीकृत अभियानों में सहयोग करने चुनौतीपूर्ण माहौल में मजबूत हवाई सहयोग का निर्माण करना भी आसान होता है। वायुसेना ने पिच ब्लैक युद्धाभ्यास के 2018 और 2022 में आयोजित किए गए अन्य संस्करणों में भी भाग लिया था।

### बढ़ेगा अंतरराष्ट्रीय सहयोग

वायुसेना ने बताया कि इस बार युद्धाभ्यास की समयावधि बीते 43 वर्षों के इसके इतिहास में सबसे ज्यादा होगी। इसमें मुख्यतः अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर खासा जोर दिया जाएगा। भारतीय वायुसेना के चार सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान युद्धाभ्यास में शामिल होंगे। इसके अलावा ग्रिपन और टाइफून के लड़ाकू विमान जैसे एफ-35, एफ-22, एफ-18 और एफ-15 भी इसका हिस्सा बनेंगे। भारतीय वायुसेना के दल में 150 उच्च कौशल वाले वायु कर्मी शामिल हैं। इनमें पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन, कंट्रोलर और विषय से जुड़े अन्य विशेषज्ञ शामिल हैं। सुखोई विमानों के अलावा वायुसेना के दल में सी-17 ग्लोबमास्टर और आईएल-78 विमान शामिल हैं।

### वैज्ञानिकों ने शोध कर किए ये दावे

# लद्दाख की पहाड़ियों में मिली मंगल ग्रह जैसी चट्टानें

मुंबई हलचल / लेह

लद्दाख की पहाड़ियों में मंगल ग्रह जैसी चट्टानें पाई गई हैं। इनके रंग, चित्र, बनावट तथा इनमें पाए जाने वाले रासायनिक तत्वों में समानता देखी गई है। बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान (बीएसआईपी) के वैज्ञानिकों ने लंबी रिसर्च के बाद यह साबित किया कि लद्दाख की चट्टानों के चित्र और रंग मंगल ग्रह से आए चित्रों और वहां के वातावरण के अध्ययन से मेल खाते हैं। वैज्ञानिकों ने रॉक वार्निश के रंग, आकार, तथा रासायनिक तत्वों के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला है कि मंगल ग्रह पर भी ऐसी चट्टानें हो सकती हैं। बीएसआईपी का यह शोध आने वाले दिनों में भारत के मिशन मंगल को सफल बनाने में मददगार साबित होगा।

### काले-भूरे रंग की मिलती जुलती चट्टानें पाई गईं हैं

लैब में चित्रों और रॉक वार्निश के पार्टिकल्स का अध्ययन किया। इसके बाद इस नतीजे पर पहुंचे कि नासा के 2020 के मिशन मार्स से आए चित्रों और अन्य एलीमेंट में काफी समानता है। जब मंगल ग्रह के चित्रों और लद्दाख के रॉक वार्निश के चित्रों को मिलान कराया गया तो दोनों लगभग एक जैसे दिखे। मंगल ग्रह की ब्राउन चमकीली चट्टानें लद्दाख की चट्टानों से मिलती-जुलती पाई गईं। काले-भूरे रंग की चट्टानों में मैग्नीज, आयरन जैसे तत्व पाए गए। नासा के रोवर ने जो सैंपल भेजे थे उसमें भी यह तत्व पाए गए थे। लद्दाख में मेग्नेटोफॉसिल्स की उपस्थिति जीवनचक्र की पुष्टि करती है। चट्टानों और रासायनिक तत्वों की समानता यह संकेत देती है मंगल ग्रह पर भी जीवन चक्र की उपस्थिति हो सकती है।

# यूपी से महिला मित्र से मिलने आए युवक संग बर्बरता, पहले पीटा फिर निर्वस्त्र कर बनाया वीडियो

**मंगलौर।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज से रुड़की में महिला मित्र से मिलने आए युवक को कुछ युवकों ने तमंचे के बल पर बंधक बनाकर पीटा। इसको बाद निर्वस्त्र कर उसका वीडियो बनाया। आरोप है कि हमलावर महिला मित्र और उसके चचेरे भाई का अपहरण कर साथ ले गए। पुलिस ने एक नामजद समेत आठ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महिला मित्र और उसके भाई के ऋषिकेश में होने की सूचना मिली है। प्रयागराज के थाना हंडिया के ग्राम ब्यूर निवासी कृष्ण राज सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 10 जुलाई की रात को वह अपनी महिला मित्र प्रतिभा सिंह से मिलने के लिए आया था। फोन पर बातचीत के दौरान प्रतिभा सिंह ने उसे मंगलौर बस अड्डे पर ही रुकने के लिए बोला। कुछ समय बाद प्रतिभा सिंह बस अड्डे पर पहुंची तो उसने अपने चचेरे भाई को फोन किया। चचेरा भाई जब बस अड्डे पर पहुंचा तब तीनों कार में बैठकर प्रतिभा सिंह की मां से मिलने के लिए ऋषिकेश जाने लगे। कुछ दूर चलने पर दो बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। इसमें से दो बदमाश तमंचा दिखाते हुए जबरन उनकी कार में बैठ गए, जबकि दो कार के आगे बाइक पर चलने लगे। कुछ



दूरी पर पहुंचकर बदमाशों ने कार को एक कच्चे रास्ते पर उतार दिया। वहां उनके चार साथी और आ गए। यहां से बदमाश महिला को जबरन बाइक पर बैठाकर कहीं ले गए, जबकि अन्य बदमाश वहीं पर रहे और उसे तमंचा दिखाते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। वह उससे रुपयों की मांग करने लगे। रुपये नहीं देने पर महिला मित्र के साथ अनहोनी होने की धमकी दी। बदमाशों ने उसे निर्वस्त्र कर उसकी वीडियो भी बनाई। घटना के बाद आरोपितों ने उसके दो मोबाइल, एटीएम कार्ड और उसके पास मौजूद दो हजार रुपये भी लूट लिए। उन्होंने उसे मारपीट कर एटीएम कार्ड के पासवर्ड भी पूछ लिए। घटना के बाद सभी बदमाश प्रतिभा के चचेरे भाई को भी अपने साथ ले गए। पीड़ित किसी तरह से पुलिस तक पहुंचा और उन्हें मामले की जानकारी दी। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बातचीत के दौरान वह एक युवक को दाऊद कहकर बुला रहे थे। मंगलौर कोतवाली पुलिस ने घटना के संबंध में दाऊद और सात अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरचंद शर्मा ने बताया कि जांच में महिला एवं उसके चचेरे भाई की लोकेशन ऋषिकेश में मिली है। पुलिस की एक टीम को वहां भेजा गया है। उनके मिलने के बाद ही इस मामले में कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है।

### नई कर व्यवस्था में भी लाभ देने का दिया सुझाव

# बीमा कंपनियों को स्वास्थ्य बीमा के लिए बजट में और कर छूट मिलने की उम्मीद

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

विशेषज्ञों ने बजट से पहले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कर छूट सीमा बढ़ाने तथा नई कर व्यवस्था में भी इसका लाभ देने का सुझाव दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को 2024-25 का बजट पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख नीतिगत दस्तावेज होगा।

बीमा कंपनी फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अनूप राऊ ने कहा कि देशभर में स्वास्थ्य देखभाल की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद आयकर अधिनियम की धारा 80डी के तहत स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर कटौती की सीमा पिछले नौ साल से अपरिवर्तित बनी हुई है।

## स्वास्थ्य बीमा का लाभ बढ़ाने की जरूरत

राऊ ने कहा, 'यह सबसे अच्छा होगा यदि चिकित्सा बीमा की सीमा मुद्रास्फीति से जुड़ी हो और प्रत्येक एक-दो साल में खुद-ब-खुद इसमें संशोधन हो। साथ ही, नई कर व्यवस्था में भी स्वास्थ्य बीमा का लाभ बढ़ाने की आवश्यकता है क्योंकि इसकी पहुंच बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इसीलिए, हमें उम्मीद है कि आगामी बजट में स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर छूट सीमा में कुछ बढ़ोतरी की घोषणा की जाएगी।'

## भारत में शुल्क सबसे ज्यादा

मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एम-ताई) के अध्यक्ष पवन चौधरी ने कहा कि भारत में चिकित्सा उपकरणों पर लगाए गए सीमा शुल्क और कर दुनिया में सबसे ज्यादा हैं और यह सीधे मरीजों को प्रभावित करते हैं। उन्होंने कहा, दूसरी ओर, सिंगापुर, हांगकांग, इटली और नॉर्वे जैसे देश इस तरह का कोई शुल्क नहीं लगाते हैं।



## आस्ट्रेलिया व जापान में न्यूनतम शुल्क

ऑस्ट्रेलिया और जापान केवल न्यूनतम 0.5 प्रतिशत शुल्क लगाते हैं, जबकि अमेरिका में यह दो प्रतिशत और चीन में तीन प्रतिशत है। उन्होंने कहा, 'ऐसे में भारत में चिकित्सा उपकरणों के अवैध आयात का जोखिम है। इस तरह के व्यापार से देश के राजस्व में कमी आएगी।'

## 70 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए हो विस्तारित

*नेगी ने कहा, आयुष्मान भारत को 70 वर्ष से अधिक आयु वालों तक विस्तारित करना वरिष्ठ नागरिकों के लिए अत्यधिक फायदेमंद होगा। साथ ही इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि पांच लाख रुपये की वर्तमान सीमा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए पर्याप्त नहीं है। इस बीमारी के उपचार की लागत 15-20 लाख रुपये तक हो सकती है।*

- आयकर अधिनियम की धारा 80 डी के तहत कटौती
- बीमा प्रीमियम पर कटौती की सीमा पिछले नौ साल से अपरिवर्तित
- चिकित्सा बीमा की सीमा मुद्रास्फीति से जुड़ी हो

## कर्मचारियों को कम दरों पर हो पेशकश

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी तपन सिंघल ने कहा कि कर्मचारियों को कम दरों पर स्वास्थ्य बीमा की पेशकश, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर जीएसटी में कमी और 80डी के तहत छूट सीमा में वृद्धि जैसे कर लाभ जैसे सुधार स्वास्थ्य बीमा को अधिक किफायती और सुलभ बनाएंगे।

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रीमियम कटौती सीमा हटे

सिंघल ने कहा, 'इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम के लिए कटौती की सीमा हटाने से उनका वित्तीय बोझ काफी कम हो जाएगा।' राजीव गांधी कैंसर इंस्टिट्यूट एंड रिसर्च सेंटर (आरजीसीआईआरसी) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डीएस नेगी ने कहा कि देश में कैंसर देखभाल में सुधार पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है...यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि सभी मरीजों इन अत्याधुनिक उपचारों तक पहुंच हो।


TRANSFORM YOUR BUSINESS THROUGH
ALPHA
MIND
PROGRAMMING
By:
PRAVEEN SAGAR
Ready To Grow 3X?
JOIN
Our Scientifically Proven
Mind Power Session For
Massive Success & Happiness
What You'll Achieve?
• Super Sales
• Crossing Targets
• Wholistic Work Life Balance
• Big Money with Peace of Mind
PRAVEEN SAGAR
Mind Power Success Coach
"I INK WHAT YOU THINK"
+91 99788 00522 / +91 94283 30770
psagarmanpuria@gmail.com
praveensagarmindguru
praveensagarMindGuru



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# वरुण फिर से करेंगे पिता के साथ काम



**बॉलीवुड** के चॉकलेटी हीरो वरुण धवन की नई फिल्म का टाइटल फाइनल हो गया है। इस मूवी में वो एक बार फिर से अपने पिता डेविड धवन के साथ काम करते दिखेंगे। इसका सलमान खान से भी है कनेक्शन। इस फिल्म का नाम होगा है जवानी तो इश्क होना है । इसमें वो एक बार फिर से अपने पिता के साथ मिलकर फिर धमाल मचाने वाले हैं। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म होने वाली है। इस फिल्म को रमेश तौरानी बना रहे हैं। सलमान खान की सुपरहिट मूवी बीवी नंबर 1 के गाने पर इसका नाम रखा गया है। बताया जा रहा है कि वरुण धवन ने इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। इस फिल्म में वरुण के अपोजिट दो अभिनेत्री श्रीलीला और मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। एक मजेदार फैमिली एंटरटेनर होने वाली है, इसमें लव ट्रायंगल देखने को मिलेगा। ये अभी से ही लोग हिट बता रहे हैं। डेविड धवन और वरुण धवन इससे पहले जुड़वा 2, मैं तेरा हीरो, और कुली नंबर 1 जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। है जवानी तो इश्क होना है अगले साल अक्टूबर में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

PASARA LICENSE HOLDER
SPY SECURITY SSS SERVICES
SERVICES
1) Supervisor / Rounder
2) Male Security Guard
3) Female Security Guard
4) Liftman
5) Bouncer
CONTACT
9892736336
24/7 SERVICE

21 सालों से
Special Vacation OFFER!!!
सिर्फ 2 महीनों में अंग्रेजी बोलना सीखें
Mumbai's No.1 Institute
100% Results
"We make a big diffrence... In small ways"
VERSATILE SKILLS DEVELOPMENT PVT. LTD.
50% OFF
Offer Valid Till 50th Seat
Morning 8am.से Evening 9pm. तक
Unlimited Classes
एक दिन मे, आप कभी भी, और कितने भी CLASSES JOIN कर सकते है
Limited Seats For New Batches

हमने बनाया अंग्रेजी बोलना बहुत आसान!!!
English Speaking
Levels:- Beginner | Grooming | Professional | Advance | Fast Track
Free Govt Certificate
Computer Courses
Diploma | Certificate | Short Term Courses
Individual Lectures Of "SPOKEN ENGLISH" & "PERSONALITY DEVELOPMENT" are also taken by POONAM BAJPAI
(Mrs. India - Pride of Nation 2017, Queen of Universe 2019)
HURRY UP
Special Coaching Of IELTS
We are the partner of BRITISH COUNCIL
Grab the opportunity..................
9930890444
9322197850
Off. No. 14 & 27, A- Wing, 1st Floor, Vaibhav Palace, Oshiwara, Jogeshwari (W), Opp. Mega Mall, Above CCD, Mumbai.
www.versatileskillspvtltd.in | E-mail id : v.versatile24@gmail.com